# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024





हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

www.prithvidevelopers.in

Follow us on:

इस त्यौहार
# अपना घर
# अपना द्वार

छत्तीसगढ़ की विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी
पृथ्वी डेवेलपर्स के शानदार प्रोजेक्ट्स
अशोका ग्रीन्स, अशोका लैंडस्केप्स एवं
लाइफस्टाइल 2.0 हैं


*निवास एवं निवेश*
*के लिए तैयार!*

**त्यौहार का लाभ उठाएं**
**रजिस्ट्री पर 50% की छूट पाएं**

ASHOKA GREENS
हल्बा कचोरा, आदेश्वरी एकेडमी के पास, जगदलपुर

ASHOKA LANDSCAPES
मारकेल, नगरनार मार्ग जगदलपुर

lifestyle 2.0
धरमपुरा, नंबर 3, अशोका लाइफस्टाइल


## ज़िन्दगी में लाएं त्योहारों सी रौनक
अशोका ग्रीन्स के रेडी पज़ेशन 3 BHK स्वतंत्र बंगले मात्रा 10% के डाउन पेमेंट पर बुक कीजिये और पाइये 90% तक का तत्काल लोन

## सुकून ज़िन्दगी भर के लिए...
अशोका लैंडस्केप्स में निवास या निवेश के लिए 600 से 3000 स्क्वायर फ़ीट तक के आवासीय प्लॉट्स बुक कीजिये वो भी 90% लोन के साथ

## प्रीमियम प्लॉट्स @ प्राइम स्पॉट
प्रीमियम आवासीय प्लॉट का शानदार प्रोजेक्ट लाइफस्टाइल 2.0. में आज ही बुक कीजिये अपना पसंदीदा प्लाट ... ऑन दी स्पॉट !

RERA No.: PCGRERA250518000017
RERA No.: PCGRERA151119001065
RERA NO.: PCGRERA261222001573

PRITHVI DEVELOPERS
जैन मंदिर रोड, जगदलपुर

बुकिंग के लिए संपर्क करें
91742 00100
91742 00200

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले के भैरमगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी-पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, मिशन शक्ति विषयों पर सघन रूप से जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग से समन्वय एवं स्कूल के बच्चों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य, सहायक प्रध्यापक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतिका कुम्मे वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पति बुधू वेड़जा निवासी ग्राम मुरकीनार, मृतिका नुपुर वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पिता बुधू वेड़जा निवासी मुरकीनार, को प्रत्येक को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह पानी में डुबने से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक भूपेन्द्र कश्यप के निकटतम वारिस उनकी पत्नि धनकी कश्यप निवासी ग्राम नेलसनार एवं मृतिका पोदिया कड़ती के निकटतम वारिस उनकी पत्नि लखी कड़ती निवासी ग्राम चेरली भैरमगढ़ को 4-4 लाख रुपए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### क्षतिपूर्ति के लिए 1 करोड़ 14 लाख 25 हजार स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रति व्यक्ति 25 हजार के मान से कुल 61 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 15 लाख 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह नक्सली घटना में प्रेशर बम के चपेट में आने के तीन प्रकरणों में घायलों को 3 लाख रुपए प्रति व्यक्ति मान से कुल 9 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। नक्सली घटना में निजी वाहनों के क्षति होने पर 4 वाहनों के लिए 20 लाख की मुआवजा राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं नक्सल हिंसा से ग्रामीणों के मृत्यु होने के 14 प्रकरणों में प्रति मृत व्यक्ति के परिजनों को 5 लाख रुपए इस तरह कुल 70 लाख रुपए मृतकों के परिजनों को सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। नक्सल हिंसा में मानव क्षति, वाहन क्षति एवं आत्म समर्पित नक्सलियों के प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वीकृत किया गया है।

### अंदरूनी ग्रामों में बस परिचालन में जुटा प्रशासन

# युवा समूहों को विधायक ने सौंपी नए बसों की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को यात्री बस सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में आज जिला कार्यालय परिसर में जिले के कटेकल्याण, मैलावाड़ा एवं गीदम

- बस संचालन की जिम्मेदारी मिलने से युवाओं में हर्ष

के युवा समूह क्रमशः जय बस्तर युवा समूह कटेकल्याण, गंगादई बस ट्रेवल्स मैलावाड़ा, दंतेश्वरी समूह गीदम के युवाओं को क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा नये बसों की चाबियां सौंपी गई।

इस मौके पर विधायक ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदारी पूर्वक बस संचालन की समझाईश भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में बस चलाकर टेस्ट ड्राइव भी किया। ज्ञात हो कि कटेकल्याण का युवा समूह बड़े गुडरा से गुड़से तथा मैलावाड़ा का समूह भूसारास से दंतेवाड़ा तथा गीदम का समूह भटपाल से कटेकल्याण तक ग्रामीणों को बस सुविधा उपलब्ध कराएगा। इन बस सर्विसों का रूट अनुसार दंतेवाड़ा से बड़ेगुडरा, कटेकल्याण, गाटम, मेटापाल, मेंदोली, जराम, पोन्दुम, दंतेवाड़ा, गंजेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, मोखपाल, बड़ेगुडरा, तक। दंतेवाड़ा से पोटाली अरनपुर, समेली, मालेंडा, पालनार, गोंगपाल, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा तक। दन्तेवाड़ा से छिंदनार, मोफलनार, तुमनार, बड़ेसुरोखी, समलूर, गीदम, दंतेवाड़ा तक। दंतेवाड़ा से भुसारास, मोखपाल, मैलावाड़ा, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा, तक। दंतेवाड़ा से नारायणपुर, सातधार, हितामेटा, बारसूर, रोंजे, हीरानार, गीदम, दंतेवाड़ा निर्धारित रहेगा।

इस मौके पर इन युवाओं में से सखाराम ठाकुर, शिवनाथ, छन्नू राम ताती, ललिता, मुकेश, हेमकुमार पांडेय ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि वे बस परिचालन की जिम्मेदारी को पूरी क्षमता से उठाएंगें। इसके साथ ही गीदम के अन्य युवा बिसरो राम को टैक्सी परिचालन हेतु बोलेरो वाहन दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के अंदरूनी इलाकों में बस सुविधा उपलब्ध न होने से यहां के रहवासियों को हमेशा आने-जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता था।

इसके चलते उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी इस मांग को रखा था और प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में बस सुविधा परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। इन समूहों को बस प्रदाय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत तथा जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से दिया गया है।

निश्चय ही बस सुविधा उपलब्ध होने से यहां के ग्रामीणों को आने-जाने में अब सहुलियत होगी। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आयुर्वेद स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधियों से रोगी को मिलता है, किसी और चिकित्सा पद्धति में नही, कारण ये पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। इनके अनुसार ऋतुचर्या तथा आहार चर्या के कारण

- जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

ही हमारे पूर्वज लंबी आयु जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बने रहते थे। उक्त आशय संबंधी उद्बोधन विधायक चैतराम अटामी ने आज बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय आयुष विभाग द्वारा शिविर में कही।

भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में अटामी ने आगे कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। अतः आमजन अभी से ही आयुर्वेद को अपनाये और शरीर को स्वस्थ रखे। मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जगदंबा पांडा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वात रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, बवासीर, रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, उदर रोग, दमा, मधुमेह, सभी प्रकार के रोगी यहां सैंकड़ों की संख्या पर उपस्थित हुए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## अधिकारी, कर्मचारियों ने लगाई देश की एकता के लिए दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी,

- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से दौड़ लगाया। यह एकता दौड़ संयुक्त कार्यालय भवन दंतेवाड़ा से प्रारम्भ हो कर पुलिस लाईन कारली में जाकर समाप्त हुआ। दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौड़ के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को एक रखने का संदेश दिया गया। इस दौड़ में राजेश पात्रे अपर कलेक्टर, अभिषेक तिवारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राम वर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉ. आर.एल. गंगेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एम.के. अम्बस्ट जिला शिक्षा अधिकारी, पवन मेरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## 18 विद्यार्थियों ने मॉडल, प्रोजेक्ट एवं 3 शिक्षकों ने टीएलएम का किया प्रदर्शन



**गीदम।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से 4 दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा विज्ञान नाटिका सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा जोन से विभिन्न विद्यालयों से चयनित 18 विद्यार्थियों ने समूह व व्यक्तिगत वर्ग में मॉडल व प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। साथ ही 3 शिक्षक-शिक्षिकाएं भी पाठ्यक्रम से जुड़े सहायक शिक्षण सामग्री टीएलएम में प्रदर्शित किये। दंतेवाड़ा जोन प्रभारी प्राचार्य बीबी चक्रवर्ती ने बताया कि सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा विज्ञान नाटिका का आयोजन किया गया था। जोन से चयनित कुल 21 प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिये। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के अधिकारीगण एवं जिला शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सर्व विकाखंड शिक्षा अधिकारी, सर्व खंड स्त्रोत समन्वयक, सर्व प्राचार्यगण, सर्व संकुल समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं बधाई व शुभकामनाएं दी है।

आड़ावाल आरटीओ कार्यालय के पास दिया घटना को अंजाम

## खड़ी ट्रक से पहिया पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आरटीओ कार्यालय के करीब खड़ी ट्रक से पहिया पार करने वाले शातिर चोरों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के दो टायर जब्त किया है। वहीं मामले में संलिप्त दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना

- बोधघाट पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 हजार की टायर किया जब्त

प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

बोधघाट पुलिस ने प्रत्यक्ष दर्शी की मदद से आरोपी की पहचान कर उसके कब्जे से चोरी का सामान 2 नग ट्रक चक्का डिस्क समेत कीमत 40 हजार रूपए बरामद किया है। मामले में आरोपी नीलेश उर्फ पप्पू साहू 37 वर्ष निवासी नयापारा अड़ावाल को गिरफ्तार किया गया है। मामले कि रिपोर्ट प्रार्थी संतोष कुमार गौतम द्वारा बोधघाट थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि 22 अक्टूबर की रात उसने अपने 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 1564 को आड़ावाल आरटीओ कार्यालय के पास खड़ा किया था जिसमें लगे चक्का को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है।

टीम द्वारा संदेही निलेश उर्फ पप्पू साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किये हुए दो ट्रक चक्का आरोपी के कब्जे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। थाना बोधघाट के निरीक्षक ने बताया कि मामले में सलिंप्त आरोपी के दोस्त व एक अन्य कि तलाश की जा रही है जिन्हे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। त्वरित कार्रवाई में करने से जप्ती कर उपरोक्त आरोपी आरोपी निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, नितेश मेश्राम, चोवा दास गेंदले, आरक्षक होरीलाल आर्मो, त्रिनाथ कश्यप व राकेश मंडावी की अहम भूमिका रही।

## दीदियों के बनाए दीयों से जगमग होगी दिवाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

विदेशी बिजली के झालरों और लट्टूओं से वह खुशी मिल ही नही सकती जो घर के आंगनों में जगमगाते इन नन्हें दीयों से मिलती है। हम में से हर कोई आखिरकार मिट्टी के दीयों से ही अपने घर को सजाते है। हमारी परंपरा में पूजा स्थलों में भी मिट्टी के दीयों की ही महत्ता होती है। घर आंगन में सजे रंगोली, तुलसी चौरें में मिट्टी के दीयें ही शोभित होते है। इस क्रम में जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा अंतर्गत कुम्हारारास के स्व सहायता समूहों के माध्यम से बनाये जा रहे हजारों मिट्टी के दीयें एवं अन्य वस्तु मुख्यालय के बाजार में कम दरों में उपलब्ध है। इन दीयों को माटी कला को बढ़ावा देने हेतु समर्पित कुम्हाररास की शीतल दई स्व सहायता समूह के 10 दीदियों के द्वारा बनाया गया है।

- बिहान की स्व सहायता समूह के दीदियां बना रही मिट्टी के दीयें

### मिट्टी के दीये बेचने वाले ग्रामीणों से कर वसूली नहीं की जाए : कलेक्टर

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने दीपावली पर्व को मद्देनजर रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। इन विक्रेताओं को दीया बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखें, वहीं नगरी-निकाय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कर वसूली न करें एवं आमजनों को मिट्टी के दीये खरीदने के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा है।







## सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर रन फॉर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ में जिले के पुलिस जवान, स्कूली विद्यार्थी, जनप्रतिनिधी, अधिकारी-कर्मचारी एवं जन सामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण एकता दौड़ में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित जन समूह को एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। एकता दौड़ सांस्कृतिक भवन बीजापुर मैदान से शुरू होकर सर्किट हाऊस स्थित शहीद स्मारक में सम्पन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं वीर शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित किया।

इस दौरान कलेक्टर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते

## नारायणपुर में दर्शनम बना वस्त्रों में आधुनिक ट्रेंड्स की नई पहचान




बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तेजी से उन्नति के मार्ग पर बढ़ता नारायणपुर आधुनिक जीवन शैली की पहचान बन गया है। सभी आधुनिक सामानों के शो रूम यहां के लोगों को जीवन का नया अंदाज प्रदान कर रहे हैं। इसी दिशा में नारायणपुर में बड़े शहरों के ट्रेंडिंग फैशन के साथ दर्शनम का शो रूम एक नई पहचान बन चुका है। मेंस वुमेंस व किड्स के पारिवारिक व वैवाहिक वस्त्रों की विशाल रेंज लोगों के आकर्षण का केंद्र है। धनतेरस व दीपावली उत्सवों को धूमधाम से मनाने ग्रैंडलान्च ऑफर रू. 500/- के गिफ्ट वाउचर 4000/- या उससे अधिक की खरीदी पर दिये जा रहे है। नारायणपुर में मेन रोड, नोबल कम्प्यूटर के सामने स्थित दर्शनम की खास बात यह है कि आधुनिक फैशन स्टाइल के वस्त्रो की श्रंखला, ग्राहकों को पूरे परिवार की जरूरत व बजट के अनुरूप एक ही छत के नीचे मिल जाते हैं। त्यौहारो पर ग्राहकों की भीड़-उमड़ रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024



10 दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा व स्वास्थ्य ....



12 युवा समूहों को विधायक ने सौंपी नए बसों की चाबियां






## खबर संक्षेप



### अफसर, जनप्रतिनिधियों के साथ बस्तरवासियों ने लगाई एकता दौड़

**जगदलपुर।** देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित रन फॉर यूनिटी में उत्साह एवं उल्लास के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं, युवाओं, खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों ने दौड़ लगाई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मंगलवार को जगदलपुर के हृदय स्थल मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर संजय मार्केट, हाता ग्राउंड-गोल बाजार चौक होते हुए पुनः मां दन्तेश्वरी परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा सर्प काटने और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के तीन प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

जगरगुण्डा क्षेत्र से गिरफ्तार तीन नक्सलियों पर 1-1 लाख का था इनाम

# सुकमा के भेज्जी व जगरगुण्डा इलाके से 19 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित जगरगुण्डा व भेज्जी थाना इलाके में दशक भर से सक्रिय 19 नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों में तीन पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित था तथा न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना भेज्जी व जगरगुण्डा पुलिस के अलावा डीआरजी, 219, 150 बटालियन सीआरपीएफ व 201 बटालियन कोबरा की विशेष भूमिका रही।

- गिरफ्तार नक्सली हत्या समेत कई संगीन मामलों में थे संलिप्त, भेजा गया जेल

जिला सुकमा में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ सूरजपाल वर्मा, आंनद सिंह



राजपुरोहित के मार्गदर्शन व सुकमा एसपी किरण चव्हाण, पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ, अमित चौधरी कमाण्डेन्ट 201 कोबरा वाहिनी, राकेश शुक्ला कमाण्डेन्ट 150 वाहिनी व एएसपी अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना भेज्जी क्षेत्र से 2 आम नागरिकों की हत्या की घटना में संलिप्त 5 नक्सली व थाना जगरगुण्डा क्षेत्र से विस्फोटक समाग्रियों के साथ 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी नक्सली विगत 08-10 वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय थे। थाना भेज्जी के ग्राम भण्डारपदर में किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए गोमपाड़ व भण्डारपदर के बीच जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 27 अक्टूबर को थाना भेज्जी से थाना प्रभारी सलीम खाखा तथा कैम्प भेज्जी व कोत्ताचेरू से विजय यादव सहायक कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### 5 लाख के ईनामी सहित 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर।** गढ़चिरोली डिवीजन अन्तर्गत अहेरी एरिया कमेटी सदस्या, पश्चिम बस्तर डिवीजन पार्टी सदस्य, बंदेपारा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर एवं बोड़लापुसनार जीआरडी कमाण्डर सहित 5 माओवादियों ने 29 अक्टूबर को उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, डिप्टी कमांडेंट 222वी वाहिनी केरिपु सुबोध कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, कमांडेंट 241वी वाहिनी केरिपु हरविन्दर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स दिनेश ▶▶| शेष पेज 10 पर

# देशभर में कार शो-रूम में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

देशभर के कार शोरूम में चोरी करने वाले गिरोह का बस्तर पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया है। मामले में शहर के तीन कार शोरूम में एक ही रात में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को एमपी के इन्दौर व खरगौन से गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। गिरोह के सदस्यों के कब्जे से 95 हजार रूपए नगद के अलावा कार व बाइक जब्त किया गया है।

- तीन शातिर चोरों को एमपी के खरगोन व इन्दौर से किया गया गिरफ्तार

पत्रवार्ता में सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल व डीएसपी सायबर गीतिका साहू ने बताया कि जगदलपुर, रायगढ़ व देश के अलग अलग राज्यों के कार शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के दो शातिर आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में तीन शातिर आरोपियों को एमपी के खरगोन व इन्दौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एक ही रात में तीन शोरूम से नकद रकम व लॉकर चोरी कर फरार हो गए थे। बस्तर पुलिस को अंतर्राज्यीय समन्वय स्थापित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से 95 हजार रुपए नकद के अलावा स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सीजे 0833, बाइक क्रमांक एमपी 12 एमजेड 5423 व आईफोन जब्त किया गया है। मामले कि गंभीरता को देखते हुए गिरोह के फरार सदस्यों कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### गूगल सर्च कर चोरी को देते थे अंजाम

टीम द्वारा मामले में दो आरोपी रोहित राठौर 28 वर्ष निवासी टेमरना थाना गोगांवा जिला खरगोन एमपी व गोलू उर्फ अजय चौहान 24 वर्ष निवासी सिरलय तहसील बढ़वा जिला खरगोन को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वहीं आरोपियों का लोकेशन इन्दौर व खरगौन में मिलने टीम द्वारा तीन आरोपी राकेश चौहान 21 वर्ष, राजेश मोहित्रे 33 वर्ष व दीपक मोहिते 28 वर्ष की गिरफ्तारी की गई। आरोपी गूगल से शो रूम सर्च करके शहर से दूर स्थित शो रूम की रेकी कर चोरी को घटना को अंजाम देते थे और रातों रात फरार हो जाते थे। आरोपियों कि गिरफ्तारी में एसआई प्रेमप्रसाद पानीग्राही के अलावा प्रधान आरक्षक जोगीलाल बुडेक, आरक्षक गौतम सिन्हा व भूपेन्द्र नेताम की अहम भूमिका रही।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन, अब तक 17 रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नकुलनार

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन में संक्रमण की वजह से आई गड़बड़ी में पहले 10 मरीज रायपुर मेकाहारा पहुंचे थे, वहीं अब मरीजों की संख्या बढ़कर 17 पहुंच गयी है। किसी भी मरीज में हल्का सा संक्रमण लक्षण दिखते ही स्वास्थ्य अमला सावधानी बरतते हुए मरीजों को सीधे रायपुर रेफर कर रहे हैं। सीएमएचओ अजय रामटेके ने बताया कि उदेला ग्राम की एक महिला पोदीये पति हूंगा को आज भेजा गया है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद पोदीये को लगातार आंसू बहने लगा था इसलिये सुरक्षा के लिहाज से भेजा गया है। कुल 39 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था जिनमें से 17 को मरीजों को





रायपुर भेजा गया। शेष 22 मरीज की देखरेख के लिये स्वास्थ्य विभाग की ब्लाक स्तर पर टीमें बना दी गयी है। सीएमएचओ द्वारा ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित कर दी है जो उदेला, पालनार, मोलसनार, मसेनार, बींजाम, छिंदनार, डेंगलरास के साथ उन सभी गांवों में मोतियाबिंद के मरीजों से मिल रहे हैं, जिनका ऑपरेशन हुआ है। उनकी जांच ▶▶| शेष पेज 10 पर

ओडिशा से स्कूटी में लेकर आ रहा था गांजा

# 2 लाख के गांजे के साथ ओडिशा का एक तस्कर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा से स्कूटी में गांजा लेकर आ रहे एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से दो लाख का गांजा बरामद किया गया है। युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। बस्तर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने ओडिशा के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 लाख का गांजा के अलावा स्कूटी, मोबाइल व नगद राशि बरामद किया है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर व आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार के





नेतृत्व में टामेश्वर चौहान में थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि ओडिशा से देवड़ा के रास्ते गांजा की तस्करी कि जा रही है। मौके पर नाकाबंदी कर स्कूटी कमांक ओडी 10 डब्ल्यू 9835 को रोककर ग्राम चोकावाड़ा रेल्वे क्रासिंग के पास आरोपी कमलोचन गोड़ा 26 ▶▶| शेष पेज 10 पर




**खबर संक्षेप**

## गांधी मैदान बना कचरा संग्रहण केंद्र

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव विक्रांत



सिंह ने जगदलपुर नगर सरकार और प्रदेश भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते कहा कि शहर के ह्रदय स्थल में क्रिकेट ग्राउंड गांधी (हाता) मैदान इन दिनों कचरा संग्रहण केंद्र बन गया है। मैदान को कांग्रेस के शासन काल में संवारने सर्वसुविधा युक्त राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट ग्राउंड बनाया। साथ ही उसका रख-रखाव किया। भाजपा शासित नगर निगम ने उस ग्राउंड को कचरा संग्रहण केन्द्र बना दिया, शहर का कचरा निगम हाता ग्राउंड में डंप कर रहा है।

## निर्वाचक नामावली प्रकाशन 28 नवंबर तक

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। साथ ही साथ सभी मतदान केंद्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की प्रकाशित सूची जन साधारण के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। ऐसे मतदाता जो आगामी 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों और वे किसी कारणवश अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं करा पाये हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक जाकर नियत प्रारूप 6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। सभी मतदान केन्द्रों में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र उपलब्ध रहेंगे। मतदाता इस संबंध में अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कुशाभाऊ वार्ड में कांग्रेस ने लगाया जन चौपाल



**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में वार्ड भ्रमण के तहत जनचौपाल लगाया गया। मौर्य वार्डवासियों के समक्ष कांग्रेस पार्टी की नीतियों की ओर आकर्षित किया साथ ही कहा कांग्रेस पार्टी आप सभी साथ खड़ी है जो भी सहयोग हो सकेगा किया जायेगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सत्तार अली, उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, रामशंकर राव, वार्ड पार्षद सुनीता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, अमरनाथ सिंह, जाहिद हुसैन, महेश दिवेदी आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. के द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बस्तर ग्राम पिपलावण्ड निवासी ताराबती की मृत्यु कुंआ के पानी में डूबने से पति समलू को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित के बैंक खाते में शीघ्र अंतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार बस्तर को दिए गए हैं।

### आटोमोबाइल सेक्टर में भी लोगो की जुटी भीड़, दुपहिया और चार पहिया बिक्री में रिकॉर्ड उछाल

# धनतेरस पर बाजार में रही रौनक, सराफा बाजार बूम


**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

धनतेरस के मौके पर सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। सोना-चांदी की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद भी सराफा बाजार बूम रहा। लोग खूब खरीदारी की। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदारों ने आकर्षक ऑफर निकाले हैं। धनतेरस के मौके पर

■ **इलेक्ट्रॉनिक आइटम के साथ कपड़ा,सजावट सामान की रही अच्छी मांग**

शहर का मुख्य बाजार (मेन रोड) समेत पैलेस रोड,हाई स्कूल रोड,ठाकुर रोड, प्रताप देव व बालाजी रोड के बाजारों में धन और रश (भीड़) दोनों देखने को मिल रही है। धनतेरस पर आभूषणों के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसी के चलते बाजारों में खूब रौनक है। धनतेरस





के दो दिन बाद दीपावली का पर्व है। त्योहारी सीजन पर चंडीगढ़ के बाजारों में खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस के मौके पर सर्राफा बाजार में देर शाम तक खूब रौनक लगी रही। सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक इस बार सोने-चांदी और डायमंड का कारोबार 200 करोड़ से अधिक हो सकता है। सराफा कारोबारी महेन्द्रकांत जेवलर्स के संचालक जितेश संघानी ने बताया लोग ज्वेलरी में उछाल के बाद भी लोग इन्वेस्ट करने सोने और चांदी की खरीदारी में हाथ खोला। दुकानदारों लोगों का कहना है कि ग्राहक खुलकर खर्च कर रहा है। दशहरा, करवाचौथ के बाद अब धनतेरस के बाजार पूरी तरह तैयार है। लोगों ने वाहन, जेवर और अन्य सामान की बुकिंग भी करवाई है। उधर पुलिस भी अलर्ट है। किसी भी तरह की घटनाओं से निपटने के लिए सिविल ड्रेस के अलावा वर्दी में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। सेक्टरों में ग्राहकों की रौनक देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने खरीदारी करने पर अलग-अलग गिफ्ट की स्कीम निकाली हैं।भगवान धनवंतरि के जन्मदिवस, धनतेरस पर जिले में खूब धन बरसा। जिले भर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस के दिन लोगों ने दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन, बर्तन से लेकर टीवी, वाशिंग मशीन और सोने चांदी के आभूषण व सिक्कों आदि की भी खरीदारी की। शहर के सोने-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ों के अलावा कपड़ों की दुकानों में जबरदस्त भीड़ रही। कल भी शुभ मुहूर्त पर लोग खरीददारी करेंगे। जिले भर में लगभग 100-110 करोड़ का व्यापार हुआ। सोने के दाम में उछाल के बाद भी बिजनेस अच्छा रहा। सराफा व्यापारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक के आभूषण की खरीदारी की गई ।

### कपड़ा कारोबार 15 करोड़ के पार

कपड़ा बाजार में भी काफी अच्छा रौनक है। कपड़ा व्यापारी चांडक ने बताया कि बाजार काफी अच्छा है। उन्होंने बताया कि रेडीमेड के साथ थान वाले कपड़े की डिमांड ज्यादा है। इसमें लोगों के पास 500 से लेकर दो हजार रुपये मीटर तक विकल्प मौजूद हैं। किसानो की बोनस राशि मिलने से कपड़ा बाजार का व्यवसाय इस साल दोगुना रहा। धनतेरस पर 15 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिजनेस हुआ है।

### मोबाइल बिजनेस में तेजी

मोबाइल कंपनियों के ऑफर के कारण पिछले साल की तुलना में मोबाइल का बाजार करीब बीस फीसदी ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में मोबाइल फोन की खरीदारी की गई। सूरज मोबाइल दुकान के संचालक ने बताया कि 15 से लेकर 35 हजार रुपये के मोबाइल की बिक्री ज्यादा हुई है।

### रोड पर उतरी 500 से ज्यादा गाड़ियां

मार्केट में सबसे ज्यादा कमाई का हिस्सा इस बार भी ऑटो-मोबिल सेक्टर का ही रहा। जानकारों का कहना है कि शहर मे दो और चार पहिया को मिलाकर 1000 से ज्यादा नई गाड़ियां बिकी हैं। हिरो मोटर के संचालक ने बताया कि शाम 5 बजे तक 200 मोटर साइकिल की बिक्री हुई है। ऑटोमोबाइल मे करीब 30-40 करोड़ रुपये का कारोबार हुआहै।

### बर्तन बाजार में रही चमक

बर्तन बाजार में आम बर्तनों के बजाय इलेक्ट्रॉनिक आइटम की मांग ज्यादा रहा। अपने किचन के लिए शहर के लोग अवन और मॉड्युलर चिमनी की खरीदारी किए । व्यापारियों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों से तांबे, लोहे और पीतल के बर्तनों की डिमांड कम हुई है। इसकी जगह आधुनिक किचन में इस्तेमाल होने वाले सामान ज्यादा बिक रहे हैं।

## इंडिगो की रायपुर जाने वाली फ्लाइट दुबारा शुरू कराने विमानन मंत्री को पत्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर की सप्ताह में चार दिन उड़ान भरने वाली विमानन कम्पनी इंडिगो अपनी सेवा 28 अक्टूबर से बन्द

■ **पहले ही सड़क मार्ग की हालत खस्ता, आये दिन केशकाल घाट जाम : सांसद**

कर दी। सांसद महेश कश्यप को जब इसकी जानकारी मिली तो वे तत्काल नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मोबाइल में सम्पर्क करते इसकी जानकारी दी। साथ विमानन कम्पनी को जगदलपुर से रायपुर उड़ान सेवा दुबारा शुरू कराने की बात कही। विमानन मंत्री सिंधिया ने इस दिशा में पूरी जानकारी लेकर उड़ान व्यवस्था दुबारा बहाल कराने का आश्वाशन दिया। शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से दो विमानन कम्पनी एलायंस एयर और इंडिगो





का दो अलग-अलग एयरक्राफ्ट उड़ान भरता था। इंडिगो की रायपुर उड़ान भरने वाली एयरक्राफ्ट बन्द हो जाने से अब बस्तरवासियो को हवाई मार्ग के जरिये रायपुर की सुविधा पूरी तरह से खत्म हो गई। यहां से लगभग 300 किमी सड़क मार्ग से रायपुर जाने का एकमात्र जरिये रह गया है। सड़क मार्ग में रायपुर जाना किसी बड़ी चुनोती से कम नही। कारण जगदलपुर से रायपुर तक आधी से ज्यादा सड़क खड्डे से भरा है। खासकर केशकाल घाट आये दिन भारी वाहनों के पलटने अथवा दुर्घटना होने से जाम लगा रहता है। ऐसे में एकमात्र हवाई मार्ग आसानी से रायपुर आने-जाने की सुविधा थी,जिसे कम्पनी की हठधर्मिता के चलते बन्द होने से बस्तर के लोगो को आपातकाल में रायपुर जाना हो तो काफी गम्भीर समस्या बन गया है।

सांसद ने जगदलपुर से रायपुर विमानन सेवा दुबारा प्रारम्भ करने मैं विमानन मंत्री से चर्चा कर ध्यानाकर्षण कराया हु। साथ ही उन्हें पत्र भी लिखा हु। जल्द विमान सेवा प्रारम्भ हो इस पर गम्भीरता से प्रयास किया जा रहा है।

## इस्पात संयंत्र ने हॉट मेटल उत्पादन में 2 मिलियन टन का आंकड़ा किया पार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

निर्धारित क्षमता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, नगरनार में एनएसएल के एकीकृत इस्पात संयंत्र ने 28 अक्टूबर को हॉट मेटल के उत्पादन में 2 मिलियन टन का आंकड़ा पार कर

■ **एनएसएल के ब्लास्ट फर्नेस ने एक ही दिन में 7268 टन हॉट मेटल का उत्पादन**

लिया। इस दिन एनएसएल के ब्लास्ट फर्नेस ने एक ही दिन में 7268 टन हॉट मेटल का उत्पादन करके अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने इस उपलब्धि के लिए टीम एनएसएल को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि एनएसएल आने वाले दिनों में कई और मील के पत्थर पार करेगा। उन्होंने कहा, एनएसएल की टीम लगातार हमारे निर्धारित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बाधाओं को पार कर रही है। मुझे यकीन है कि उनकी दृढ़ता और लचीलापन भरपूर लाभांश देगा, जिससे हॉट रोल्ड उद्योग में एनएसएल की स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। के प्रवीण कुमार, कार्यकारी



निदेशक और प्रमुख, एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार ने उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी योजना और रैंप अप प्रोटोकॉल के अनुसार हम प्रतिदिन हॉट मेटल उत्पादन को 7000 टन तक ले जाने में सफल रहे हैं। इस स्तर पर उत्पादन को स्थिर करने के बाद हम निर्धारित क्षमता की ओर बढ़ेंगे। निर्धारित क्षमता तक पहुँचने की योजना का लक्ष्य पैमाने की इष्टतम अर्थव्यवस्थाओं तक पहुँचने और वित्तीय रूप से भी लाभ कमाने के लिए महत्वपूर्ण है।ज्ञात हो के एनएसएल ने सार्वजनिक क्षेत्र के कई अन्य एकीकृत इस्पात संयंत्रों को पछाड़कर सबसे कम समय में अपना पहला मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन करके इतिहास रचा था। 15 अगस्त 202 को ब्लास्ट फर्नेस के कमीशनिंग के बाद पहला मिलियन का आंकड़ा 226 दिनों में पार किया गया था, जबकि दूसरा मिलियन का आंकड़ा 204 दिनों में पार किया गया है। इस उपलब्धि को हासिल करने पर विश्वनाथ सुरेश, निदेशक (वाणिज्यिक) और विनय कुमार निदेशक (तकनीकी) और निदेशक (कार्मिक, अतिरिक्त प्रभार) ने टीम एनएसएल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई दी।

### सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेन्स में एक

नगरनार स्टील प्लांट के मुख्य संचार प्रभारी व जीएम रफीक अहमद ने बताया देश के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस में से एक, नगरनार स्थित मा दंतेश्वरी की प्रभावी मात्रा 4506 क्यूबिक मीटर है और इसे प्रतिदिन 9500 टन हॉट मेटल का उत्पादन करने के लिए बनाया गया है। मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, एनएसएल धीरे-धीरे हॉट मेटल के उत्पादन में वृद्धि के साथ एच आर कॉइल्स का प्रोडक्शन भी बढ़ा रहा है, जिसकी गुणवत्ता के कारण बाजार में अच्छी मांग है।

## प्रथम पुरस्कार पाकर खुशी से झूम उठी बास्तानार की छात्राएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

एकलव्य विद्यालयों की पांचवीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यक्रम बिलासपुर में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न जिलों से संभागीय स्तर के विजेता शामिल हुए।

■ **छात्राएं अब नेशनल लेवल कार्यक्रम के लिए तैयार**

विजेता अब भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली एकलव्य कोड़ेनार, बास्तानार की छात्राएं प्रसिद्धी तथा इशिका मौर्य ने अपने विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया। छात्राओं ने अपना नाम नेशनल लेवल पर सुनिश्चित होने का श्रेय अपने प्राचार्य सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ को दिया। छात्रा प्रसिद्धी ने कहा कि यह मेरे और मेरे





विद्यालय के लिए गर्व की अनुभूति हैं, मैं आगे भी बहुत ही मेहनत से तैयारी करुंगी। छात्रा इशिका ने विद्यालय का धन्यवाद करते हुए कहा कि कोशिश पूरी रहेगी कि हम राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी नई पहचान बना सकें।

इस जीत के बाद प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने बच्चों को आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मवेशी लेकर जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा बाल बाल बचा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

परपा थाना क्षेत्र स्थित हाईवे में बीती रात अज्ञात ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर युवक को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे में मृतक का साथी बाल बाल बच गया।

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के कुकानार निवासी देवा 35 वर्ष अपने दोस्त हूंगा के साथ परपा थाना क्षेत्र स्थित पामेला मवेशी बाजार में रविवार की सुबह मवेशी खरीदने के लिए आया हुआ था। मवेशी खरीदने के बाद रात लगभग दस बजे दोनों पैदल ही मवेशी लेकर कुकानार के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान परपा थाना क्षेत्र के ग्राम तोकापाल के करीब तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पैदल मवेशी लेकर जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी वहीं दूसरा युवक बाल बाल बच गया। हादसे में घायल युवक को तत्काल लोगों की मदद से उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परपा पुलिस द्वारा सोमवार को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस हादसे में देवा को गंभीर चोट आई थी वही हूंगा बाल बाल बच गया था। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद परपा पुलिस ने ट्रक समेत चालक को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना कर रही है।

## अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण जल्द हो : ताटी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम**

जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने बयान जारी कर भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण जल्द कराने की मांग की है। भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति

■ **भूमि अधिग्रहण के बावजूद नगर पंचायत को हस्तांतरण नहीं किया गया**

मिलने में हो रहे विलंब के कारण यात्रियों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के ह्रदय स्थल में बना वर्तमान बस स्टैंड अत्यंत छोटा होने के कारण यात्री बसों के साथ-साथ टैक्सी वाहनों के पार्किंग करने में भी चालकों को भारी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय भोपालपटनम प्रवास के दौरान अंतर्राज्यीय बस स्टैंड की घोषणा की थी कांग्रेस के शासनकाल में बस स्टैंड हेतु भूमि का चयन कर लिया गया था लेकिन उक्त भूमि वन विभाग की होने के कारण भोपालपटनम नगर पंचायत ने भूमि अधिग्रहण की सभी



प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया है किंतु वन विभाग की अड़ियल रवैया के चलते भूमि का हस्तांतरण नगर पंचायत को आज पर्यंत नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना एवं महाराष्ट्र राज्य सहित छत्तीसगढ़ के सैकड़ो यात्री बस एवं टैक्सियों का प्रतिदिन भोपालपटनम आना-जाना होता है लेकिन इन वाहनों के लिए पर्याप्त जगह न होने से चालकों को काफी असुविधा होने के साथ-साथ यात्रियों को भी वाहनों की प्रतीक्षा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे सदैव दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## सिन्धी समाज मनाएगा गुरुनानक जन्मोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

सिन्धी समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकाश पर्व उमंग के साथ मनाया जाएगा। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि इस वर्ष श्री गुरुनानक जन्मोत्सव का 555वां वर्ष नई उमंग व जोश के साथ मनाने की तैयारी चल रही है। श्री गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने जानकारी दी समाज की आमसभा बैठक में गुरुनानक जन्मोत्सव 2024 के समारोह को मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई है। इस बार जन्मोत्सव में भगत हितेश जज्ञासी, रोशनी जज्ञाशी एवं साथी धमतरी से आ रहे है। इस गुरुनानक जन्मोत्सव में सांस्कृतिक संध्या व आनन्द मेला का आयोजन भी किया जाएगा।

गुरुद्वारा कमेटी सचिव सन्तोष बजाज ने बताया 3 नवम्बर को सिन्धी गुरुद्वारा में सुबह प्रभातफेरी आएगी भजन कीर्तन कर अरदास प्रसाद वितरण किया जाना है। 9 नवम्बर को सुबह 10 बजे सिन्धी गुरुद्वारे में श्रीगुरुग्रन्थ पाठ साहिब प्रारम्भ किया जाएगा, 13 नवम्बर को सिन्धु भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व आनन्द मेले की व्यवस्था होगी, 14 नवम्बर को सिन्धु भवन में शाम 7 बजे से धमतरी से आए भगत हितेश जज्ञाशी व साथियों द्वारा भजन कीर्तन पश्चात भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा, 15 नवम्बर को सिन्धी गुरुद्वारा में सुबह 5 बजे अमृतवेला कीर्तन, सुबह 10 बजे भक्ति संगीत पश्चात साप्ताहिक श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब की समाप्ति, आरती, अरदास, भोग साहिब प्रसाद वितरण होगा, सिन्धु भवन में आम लंगर 2 बजे से किया जाएगा। सिन्धी गुरुद्वारा से शाम 6 बजे शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आतिशबाजी के साथ प्रसाद वितरण करते हुए सिन्धी गुरुद्वारे पहुंचेगी। सिन्धी गुरुद्वारा कमेटी से शंकर नानकानी ने बताया गुरुनानक जन्मोत्सव पर्व पर सिन्धी समाज सदस्य अपनी संस्थान बन्द रखकर समाज के सभी आयोजनों में सपरिवार शामिल होंगे। बैठक में समाज के पदाधिकारी समेत समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस में भर्ती के नाम पर ठगी करने वालों से रहे सतर्क : एसपी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

नवम्बर माह में आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर होने वाली सीधी भर्ती के नाम पर ठगी करने

■ **आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर होनी है सीधी भर्ती**

वालों से सतर्क रहने की अपील एसपी शलभ सिन्हा द्वारा की गई है। एसपी सिन्हा ने दो मिनट का वीडियो सदेंश जारी कर कहा कि पुलिस भर्ती के नाम पर रूपए न दें तथा ऐसे तत्वों की तत्काल पुलिस को सूचना दें। जिले में आरक्षक पद के लिए पुलिस भर्ती निकलने वाली है, कुछ लोग हैं जो भर्ती करने के नाम पैसे ठग लेते हैं। एसपी ने कहा कि 15



नवंबर से बस्तर जिले में आरक्षक पद के लिए पुलिस भर्ती निकलने वाली है। इसके लिए अभ्यार्थी जी तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे भी कुछ लोग हैं जो भर्ती करने के नाम पैसे ठग लेते हैं। ऐसे मामलों को लेकर एसपी द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो भी जारी किया गया है। इसमें किसी भी भर्ती के नाम पर पैसे न देने की बात कही है। कुछ अपराधिक तत्वों द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी बातों में उलझाकर उनसे पैसों की डिमांड के साथ ही नौकरी लगाने के साथ ही ऊंचे पहुंच का धौस भी दिखाया जाता है। एसपी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शिता है। इसमें किसी भी तरह से कोई धांधली नहीं की जा सकती है। ये लोग अभ्यर्थियों की जमा पूंजी को ले लेंगे इसके अलावा फिजिकल से लेकर परीक्षा के दौरान मिलने वाले सभी अंक को कम्प्यूटर में अंकित किया जाता है अगर कोई भी व्यक्ति नौकरी लगाने के नाम पर पैसा मांगता है तो तत्काल इसकी सूचना पास के थाने या फिर सीधे बस्तर एसपी कार्यालय में देने की उन्होंने लोगों से अपील की है।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 [+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411